श्याम को अपना बनाकर देख लो | By Mukesh Bagda

श्याम को अपना बना कर देख ले
दिल के कोने में बैठा कर देख ले
श्याम को अपना ....

इतना सीधा है मेरा ठाकुर यही
प्रेम से दो बात बोलो तो सही
आएगा पल में बुला कर देख ले
दिल के कोने में बैठा कर देख ले
श्याम को अपना ....

प्रेमियों की हर समय दरकार है
प्रेम का भूखा मेरा सरकार है
प्रीत का माखन खिला कर देख ले
दिल के कोने में बैठा कर देख ले
श्याम को अपना ....

गर हरि के नाम में खो जाओगे
दूरी कम बैकुंठ की कर पाओगे
जब भी मन हो आजमा कर देख ले
दिल के कोने में बैठा कर देख ले
श्याम को अपना ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-by/